हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री


10 जिलेभर में शिक्षक दिवस मनाया गया






11 निगम की बैठक में पांच विकास कार्यों पर मुहर













## इंडस कॉलेज आफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस मनाया

# गुरु शिष्य की परम्परा देश की संस्कृति का अहम हिस्सा : डॉ. एकता सिंधु




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर डॉ. एकता सिंधु ने प्रज्जवलित करके किया। उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य की परम्परा भारत की संस्कृति का एक अहम हिस्सा है।

इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए कालेज प्राचार्या डॉ सुषमा जाखड़ ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अध्यापक बनने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षको ने गुरु शब्दों पर अध्यापक शिक्षक विश्लेषणात्मक मंथन किया। विद्यार्थियों ने कविता, भाषण और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिक्षकों के प्रति अपने विचार प्रकट किए। प्राचार्या ने कार्यक्रम के अंत में सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

■ प्राचार्या डॉ सुषमा जाखड़ ने विद्यार्थियों को अच्छे अध्यापक बनने का संकल्प दिलवाया



## मातु राम इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मातु राम इंजीनियरिंग कॉलेज में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जाट एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाणा, सचिव नवदीप एवं उपप्रधान धरमराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। कॉलेज के निदेशक डॉ. नवीनत अहलावत ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज के पथप्रदर्शक होते हैं, जिनकी बदौलत राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य संभव है। हवन के उपरांत शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं और गुरुजनों के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। गुलाब सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और भविष्य को सफल एवं उज्ज्वल बनाने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के निदेशक डॉ. नवीनत अहलावत ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हार्दिक धन्यवाद किया।



## शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य के निर्माता : मीना कौशिक

**रोहतक।** केवीएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया। यह विशेष दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं शिक्षा शास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। प्रधानाचार्या मीना कौशिक कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं, जिनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी जीवन की ऊँचाइयों को प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा और उल्लास का अद्भुत वातावरण रहा। प्रधानाचार्या मीना कौशिक एवं प्रीति बजाड़ ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके योगदान की सराहना की।



## शिक्षक शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि सिखाते हैं जीवन जीने की कला

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ. महाश्वेता उपस्थित रहीं। उनका स्वागत दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए विद्यार्थियों से उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रशिका और अजय ने किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षक दिवस का महत्व उजागर किया। इस मौके पर डॉ. गीता रानी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सविता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा जगत के लिए क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तकनीक : सुरेन्द्र फोगाट

**रोहतक।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम एवं शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का विषय था कक्षा-कक्ष में कृत्रिम बुद्धिमत्ता जिसका संचालन रिसोर्स पर्सन अनीता जाखड़ ने किया। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा जगत में नए अवसरों के द्वार खोल रही है। इसी अवसर पर विद्यालय प्रशासन की ओर से शिक्षक दिवस समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक सुरेन्द्र सिंह फोगाट ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा जगत के लिए क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तकनीक है।






## विकल्प पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्या किरण पाहवा एवं कोऑर्डिनेटर मंजू ने सभी शिक्षकों के साथ मिलकर केक काटकर उत्सव की शुरुआत की। केक कटिंग समारोह में सभी शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से कार्यक्रम की रौनक बढ़ गई। इसके बाद खेल गतिविधियों में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन विनिता ने किया। समारोह के अंत में सभी शिक्षकों ने स्वादिष्ट लंच का आनंद लिया और एक-दूसरे को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## भारत की प्राचीन परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोच्च



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभाग की सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार विभाग में प्रातः यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में डॉ. बलवीर आचार्य ने हवन का शुभारंभ किया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को सिर्फ किताबों का ज्ञान ही नहीं देते बल्कि अच्छे संस्कार, जीवन जीने की कला और सही दिशा भी प्रदान करते हैं। भारत की प्राचीन परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। विभाग के वरिष्ठ प्रो. सुरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए। विभाग के सभी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। विभाग के सभी प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ प्रो. बलवीर आचार्य, प्रो.सुरेंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान, प्रो. सुनीता सैनी, डॉ. सुषमा नारा, डॉ. रवि प्रभात एवं सभी शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया

## शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माणकर्ता: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के सभागार में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा। फोटो : हरिभूमि

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के सभागार में मानविकी एवं उदार शिक्षा संकाय और महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त प्रयास से शिक्षक दिवस का समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके शुरू किया गया। विवि कुलपति प्रो. (डॉ.) एच.एल. वर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक निर्माता होते हैं। वे केवल ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और संस्कारों का भी मार्गदर्शन करते हैं।

अध्यक्षीय भाषण में डॉ. बीएम यादव ने कहा कि शिक्षक केवल जानकारी देने वाले नहीं होते, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के निर्माणकर्ता हैं। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह उन व्यक्तियों का स्मरण है जिन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और संस्कारों से विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित किया। कार्यक्रम में अन्य फैकल्टी सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। अंत में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें सभी विभागीय डीन, डॉ. सुधीर, डॉ. सुनीता, डॉ. पूजा बुद्धिराजा, डॉ. बलविंदर, डॉ. नीरज खरे, डॉ. पुष्पा, डॉ. सुशीला, डॉ. निशा, डॉ. अमित (आयुर्वेद) आदि शामिल थे। मंच का संचालन डॉ. सुमन और डॉ. कोमल ने किया, जबकि मनोरंजक गतिविधियों में डॉ. अरूणा अंचल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ. बरूण झा ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी डीन, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया

■ सैनी एजुकेशन सोसायटी रोहतक के शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैनी एजुकेशन सोसायटी रोहतक के शिक्षण संस्थानों में शुक्रवार को शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैनी पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोसायटी के सचिव जगदीश कुमार सैनी, स्कूल मैनेजर ऋतुराज सैनी, कार्यकारिणी सदस्य श्री बलवंत सैनी, कॉलेज के मैनेजरश्याम कटारिया, कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र सैनी, अमित सैनी बालाजी व प्रवीण सैनी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित, पुष्पार्पित और माल्यार्पण करके किया।

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिसमें नृत्य, संगीत और कविता पाठ शामिल थे। स्कूल मैनेजर ऋतुराज सैनी ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के वास्तविक शाही शिल्पकार होते हैं। कार्यक्रम में सैनी बॉयज स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार सैनी, सैनी गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल नीलम सैनी और सदस्य उपस्थित थे।

सोसायटी के सचिव जगदीश कुमार सैनी ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर हम सभी को शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना चाहिए।

### जीडी गोयंका स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन बहुत उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर वर्ग के हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई और कक्षाएं संचालित कीं। समारोह में संगीत, नृत्य, स्किट और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अंत में सभी टीचर्स ने केक काटकर शिक्षक दिवस के समारोह का समापन किया। शिक्षक दिवस के इस आयोजन में छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को नेतृत्व कौशल और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद करते हैं। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में टीम वर्क, क्रिएटिविटी और सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। स्कूल के सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए बच्चों के प्रयासों की भरपूर सराहना की।

## एएमएस ग्लोबल अकेडमी में शिक्षकों को समर्पित हुआ उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




एएमएस ग्लोबल अकैडमी में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक मनीष कुमार ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता हैं, उनका योगदान अमूल्य है। एएमएस परिवार का प्रत्येक शिक्षक विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और अनुशासन का भी पाठ पढ़ा रहा है। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। विशेष आकर्षण रहा शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य, जिसे देखकर विद्यार्थी और अभिभावक झूम उठे और खूब तालियां बजाईं। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुत किए। पूरे अकैडमी परिसर में उत्सव, प्रेम और एकता का भाव देखने को मिला। समारोह के समापन पर निदेशक मनीष कुमार ने सभी शिक्षकों के परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि एएमएस ग्लोबल अकैडमी का लक्ष्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में शिक्षा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करना है। यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर शिक्षा और संस्कार दोनों पर बराबर ध्यान दें।

## शिक्षक हमारे समाज के प्रेरणास्रोत : वेद प्रकाश

**रोहतक।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक का दौरा किया।



इस दौरान पार्टी ने अर्थशास्त्र विभाग का भ्रमण किया और विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सहित विभाग के अन्य प्राध्यापकों विनीत अहलावत, अजय, अक्षु एवं लक्ष्मी से सौहार्दपूर्ण भेंट की। वेद प्रकाश पांडेय करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उन्हें समाज के प्रेरणास्रोत बताया। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, जिला उपाध्यक्ष प्रणव सिंह, जिला सचिव अजीत कुमार श्रीवास्तव, रोहतक विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पांडेय, कोषा अध्यक्ष सचिन सैनी साथ ही अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान शिक्षा के महत्व और समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार एवं अन्य प्राध्यापकों ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षकों की जिम्मेदारी पर अपने विचार साझा किए। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने विश्वविद्यालय एवं विभाग की उपलब्धियों की सराहना की।

### एमडीयू पहुंचे विकास एवं पंचायत मंत्री पंवार

## शिक्षक ही भविष्य की पीढ़ियों को संस्कारित कर राष्ट्र को देते हैं नई दिशा: कृष्ण लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकास एवं पंचायत, खनन तथा भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार का शुक्रवार को महर्षि दयानन्द विवि परिसर पहुंचने पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह से औपचारिक भेंट की। कुलपति ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर विवि के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक भी उपस्थित रहे और मंत्री का अभिनंदन किया। शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी। मंत्री पंवार ने इस अवसर पर एमडीयू के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही भविष्य की पीढ़ियों को संस्कारित कर राष्ट्र को नई दिशा देते हैं। शिक्षक का योगदान समाज के हर क्षेत्र में अमूल्य है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी समुदाय के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।



**रोहतक।** विकास एवं पंचायत, खनन तथा भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार का स्वागत करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

■ विकास एवं पंचायत, खनन तथा भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार का विवि परिसर में पहुंचने पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया स्वागत

*दुकान व संस्थान में कूड़ेदान रखें*

## केंद्रीय सहकारी बैंक ने सफाई का दायित्व संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा स्वच्छ रोहतक को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड ने अपने स्तर पर बड़ी पहल करते हुए बजरंग भवन से लेकर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा तक सफाई का दायित्व संभाला है। इस दायित्व के तहत एक ट्रैक्टर ट्रॉली व पांच सफाई कर्मचारी इस क्षेत्र के लिए समर्पित रहेंगे।

इस दौरान पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, नगर निगम मेयर राम अवतार बाल्मीकि, विशेष स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक, संयुक्त आयुक्त मनजीत ने केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन हरीश कौशिक, बैंक के महाप्रबंधक छैलूराम व पूर्व महाप्रबंधक वेद प्रकाश के साथ मीटिंग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान के मध्य नजर ये एक अनूठी पहल है। जिसका अनुसरण शहर की अन्य संस्थाएं भी करने का निश्चय करें जिसके प्रति आमजन मानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैले। हरीश कौशिक ने शहर के सभी दुकानदारों व संस्थाओं से अपील की, कि वह अपनी दुकान व संस्थान में कूड़ेदान रखें और कूड़ा डस्टबिन से ट्रैक्टर ट्रॉली में डालें ताकि शहर को स्वच्छ बनाने में प्रधानमंत्री के सपने को साकार किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के दृष्टिगत निषेधाज्ञा लागू

**रोहतक।** जिलाधीश सचिन गुप्ता ने पंडित बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 7 सितम्बर को नर्सिंग कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयोजित करवाई जाने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। यह आदेश सामान्य प्रवेश परीक्षा को नकल रहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए है।

### 1.60 लाख की ठगी के मामले में आरोपी काबू

**रोहतक।** साइबर थाना की टीम ने क्रेडिट कार्ड से हुई 1 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि लक्ष्मीनगर रोहतक निवासी सोनू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 11 अप्रैल को सोनू के पास रिवार्ड प्वाइंट रिडिम करने के लिये कॉल आई।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने नगदी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। महम थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि फरमाणा निवासी अभिषेक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 22 जुलाई को रात के समय अज्ञात युवक अभिषेक के घर मे घुसकर करीब 11 हजार रुपये चोरी कर मौके से फरार हो गया।

### गाड़ी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि 4 सितंबर को हाल प्रेम नगर निवासी देवेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 3 सितंबर को देवेंद्र की गाड़ी बाहर गली में खड़ी की हुई थी। रात के समय देवेंद्र को अपनी गाड़ी स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी।

### लाभार्थियों को पोर्टल पर देनी होगी जानकारी

**रोहतक।** एडीसी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना को लेकर लगभग 3900 लोगों ने आवेदन किया था। इन आवेदनों में से कुछ आवेदकों का सर्वे फॉर्म पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सर्वे फॉर्म अधूरा भरा है और सर्वे फार्म को भरने से सम्बन्धित कार्य शुरू नहीं किया है, उनका आवेदन निर्धारित समय पर पूर्ण न किए जाने पर रद्द हो जाएगा। पात्र लाभार्थियों ने अपना आवेदन किया था वो सभी लाभार्थी अपने सर्वे फार्म से संबन्धित पूर्ण जानकारी सोमवार 5 सितंबर शाम 4 बजे तक पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि मुख्यालय भेजा जा सके।

### जल निकासी के लिए पंप सेट लगाने के आदेश

**रोहतक।** लगातार हो रही बारिश के चलते नगर पालिका कलानौर के कुछ क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। शुक्रवार को आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कलानौर नगर पालिका क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। तालाब सहित अन्य प्रभावित इलाकों का भी निरीक्षण किया।

**अच्छी पहल:** निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रेक्ट कमेटी की कैनाल रेस्ट हाउस में बैठक

# निगम की बैठक में पांच विकास कार्यों पर मुहर, शहरवासियों को मिलेगी बड़ी राहत

*बैठक में कुल पांच एजेंडे रखे गए जिन पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इन निर्णयों से शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, स्वच्छता व विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को राहत पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं।*




■ मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने कहा-शहर को और साफ बनाने के लिए लगातार हो रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रेक्ट कमेटी की बैठक शुक्रवार को कैनाल रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने की, वहीं निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा, वार्ड-14 पार्षद कंचन खुराना व वार्ड-12 पार्षद सुशील नांदल और समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में कुल पांच एजेंडे रखे गए जिन पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इन निर्णयों से शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, स्वच्छता व विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को राहत पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं।



**रोहतक।** बैठक की अध्यक्षता करते मेयर रामअवतार वाल्मिकी, निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा, वार्ड-14 पार्षद कंचन खुराना व वार्ड-12 पार्षद सुशील नांदल और समिति के अन्य सदस्य।

### ओमेक्स सिटी से बाबा मस्तनाथ डेंटल कॉलेज तक सड़क निर्माण

पांचवां एजेंडा ओमेक्स सिटी एंट्रेंस से बाबा मस्तनाथ डेंटल कॉलेज तक सड़क निर्माण से संबंधित था। इस मार्ग पर नागरिकों और छात्रों को काफी समय से खराब सड़क की समस्या झेलनी पड़ रही थी। समिति ने प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए सड़क निर्माण को हरी झंडी दे दी। इस परियोजना से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी बल्कि कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भी सुगम यातायात सुविधा मिलेगी।

### पहरावर गांव में पार्क का निर्माण

बैठक में चौथे एजेंडे के रूप में पहरावर गांव में निगम पार्क के निर्माण को स्वीकृति दी गई। यह पार्क स्थानीय निवासियों के लिए मनोरंजन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का केंद्र बनेगा। समिति ने कहा कि पार्क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी शहर जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

### स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव का वार्षिक कार्य

बैठक का पहला एजेंडा शहर में लगाई गई स्ट्रीट लाइटों के वार्षिक रखरखाव से जुड़ा था। निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं, जिनका समय-समय पर रखरखाव और मरम्मत आवश्यक है। समिति ने इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और वर्ष 2025-26 के लिए ठेकेदार नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। इससे शहरवासियों को अंधेरे वाली गलियों और खराब लाइटों की समस्या से निजात मिलेगी।

### एनिमल डिकम्पोज़र व सोलर पावर प्लांट का निर्माण

दूसरे एजेंडे के तहत नगर निगम ने पशु शवों के निस्तारण और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था के लिए एनिमल डिकम्पोज़र-कम-इन्सीनेरेटर शेड, बाउंड्री वॉल और सोलर पावर प्लांट बनाने का प्रस्ताव रखा। यह परियोजना कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम मानी जा रही है। समिति ने इस निर्माण कार्य को भी हरी झंडी दे दी।

### सुपर सक्शन मशीन व डंप टैंकों की आपूर्ति

तीसरे एजेंडे में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। निगम ने सुपर सक्शन मशीन और दो डंप टैंकों की आपूर्ति कराने का प्रस्ताव रखा, जिससे सीवर की सफाई और कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया आसान होगी। समिति ने इस एजेंडे को मंजूरी देते हुए जल्द क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

### बैठक में लिए गए निर्णयों का महत्व

नगर निगम की इस बैठक में पारित पांचों एजेंडे सीधे तौर पर नागरिकों की सुविधा और स्वच्छता व्यवस्था से जुड़े हुए हैं। स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, आधुनिक सफाई उपकरणों की उपलब्धता और सड़क निर्माण से शहर की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होगा। वहीं, पशु शव निस्तारण केंद्र और पार्क निर्माण से पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जीवन को नई दिशा मिलेगी।

## मॉडल स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष शिक्षक दिवस को घर पर रहते हुए भी बड़े हर्षोल्लास और रचनात्मकता के साथ मनाया। ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान अध्यापकों ने विद्यार्थियों को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके आदर्शों के बारे में जानकारी दी और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भाषण, कविताओं, स्लोगन लेखन और ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपने अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों ने अध्यापकों के चित्र सजाकर उन्हें प्रेषित किए और अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से शिक्षकों के प्रति सम्मान जताया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने कहा कि अध्यापक विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करने वाली मोमबत्ती की तरह होते हैं, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों के जीवन मार्ग को प्रशस्त करते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों की ओर से भी अध्यापकों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# भांजा बनकर 4.37 लाख की ठगी करने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पुलिस ने 4 लाख 37 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर 8 दिन के रिमांड पर लिया है। गांव आसन निवासी कमल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 29 अगस्त को कमल के पास व्हाटसअप पर कॉल आई। जिसने कमल को बताया कि वह उसका भांजा अमेरिका से बात कर रहा है। कमल का भांजा भी अमेरिका में ही रह रहा है। युवक ने कहा कि उसका दोस्त कलकत्ता अस्पताल में भर्ती है उसको रुपयों की जरुरत है। युवक ने कहा कि वह उसको कल रुपये भेज देगा। कमल की बातों में आकर अलग-2 ट्रांजेक्शन में कुल 4 लाख 37 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। युवक कमल से बार-2 और रुपये भेजने बारे कहा।

# कलानौर विस क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था का डॉ. रंगा ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जल निकासी की समस्याओं को देखते हुए भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) रोहतक डॉ. अशोक कुमार रंगा ने शनिवार को दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कलानौर, लगातार कार्यो का मुआयना करते नजर आए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुडाना भूप सिंह, गरनावठी, तैमूरपुर से सरपंच प्रतिनिधि नरेश गिल, काहनौर से सरपंच प्रतिनिधि नवीन कुमार, माडौधी रागंडान से सरपंच प्रतिनिधि बिजेंद्र कुमार तथा भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ढीला पहलवान भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने गांवों में जलभराव से जुड़ी परेशानियों को विस्तार से जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) के सामने रखा।

**कार्यक्रम:** पीएम के जन्म दिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा आयोजित किए जाने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियां चल रही

# भाजपा सेवा भाव से सत्ता में आई, जबकि झूठ से सत्ता पाना चाहती है कांग्रेस: पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा आयोजित किए जाने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियां चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई और एक-एक कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ने की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सेवा पखवाड़ा के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय



सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा और दोनों प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता व सुरेंद्र पूनिया, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सेवा पखवाड़ा के प्रदेश संयोजक विधायक योगेंद्र राणा मौजूद रहे। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने सेवा पखवाड़ा की पूरी जानकारी दी।

**स्वास्थ्य विभाग की टीमें कर रही दौरा**

# कलानौर में डेंगू के दो और मलेरिया का एक मरीज पॉजिटिव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



कलानौर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मलेरिया एवं डेंगू बीमारियों से बचाव के लिए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार मलिक की अध्यक्षता में गांवों का दौरा किया। डॉ. मलिक ने बताया कि आने वाले कुछ समय तक मौसम मच्छरों के लिए बहुत ही अनुकूल है। मच्छरों के कारण ही डेंगू और मलेरिया की बीमारियां फैलती हैं। यदि हम मच्छरों से बचाव कर ले तो डेंगू और मलेरिया की बीमारी से अपने आप ही बचा जा सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर जसवीर रंगा ने बताया कलानौर हॉस्पिटल के अंतर्गत अभी तक दो डेंगू और एक मलेरिया कैसे पॉजिटिव आया है। कलानौर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार गांव, शहरों, ढाणी मलिन बस्तियां, कंस्ट्रक्शन साइट आदि में जा जाकर के प्रतिदिन एंटी लारवा एक्टिविटी कर रही है। लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है।

### नपा महम द्वारा करवाई जा रही फॉगिंग

**महम।** लगातार हो रही बारिश की वजह से महम शहर में मच्छरों की भरमार हो गई है। जिस वजह से मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप होने का खतरा पैदा हो गया था। इसी बात को ध्यान में रखते हुए महम नगर पालिका द्वारा शहर में फोगिंग करवाई जा रही है।

शुक्रवार को वार्ड 6 और 7 में फोगिंग की गई। नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने नगर पालिका टीम को फोगिंग के लिए रवाना करके फोगिंग अभियान का शुभारंभ किया। गिरधर ने कहा कि शहर में मशीन द्वारा फैलाए जा रहे धुंए से मच्छर मरेंगे और लोगों को बीमारियों से निजात मिलेगी।

# वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र के निर्माण में धांधली का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

नगर पालिका महम के वार्ड 8 में नवनिर्मित वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र के निर्माण में धांधली का आरोप लगाया गया है। यह आरोप स्थानीय नागरिकों ने लगाया है। वार्डवासी अजय कुमार, जितेंद्र सिंह, आया राम, राकेश, प्रकाश और रोहित ने बताया कि इस सामुदायिक केंद्र के निर्माण में लाखों रुपए का गोलमाल किया गया है। क्योंकि सामुदायिक केंद्र के लिए तीन बार ग्रांट आई थी। इसका निर्माण साल 2023 में शुरू किया



**महम।** कस्बा महम के वार्ड 8 में सरकारी ग्रांट से बनाया गए गए सामुदायिक केंद्र के निर्माण कार्य पर सवाल उठाते स्थानीय नागरिक।

गया था। किस्तों में पैसा आया था। एक बार 15 लाख रुपए और एक बार करीब 8 लाख रुपए आए थे। डी प्लान के तहत भी वर्ष 2024-25 में 11 लाख रुपए खर्च किए गए। इस बिल्डिंग के निर्माण पर करीब 45 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सामुदायिक केंद्र के निर्माण में बड़े स्तर पर लापरवाही की गई। सामुदायिक केंद्र का काम कई जगह से अधूरा पड़ा है। बाहर की दीवारें अभी से जर्जर हो गई हैं। छत के पास लैंटर को ठीक से नहीं बनाया गया है। पिल्लर टेढे बना दिए गए हैं। पोड़ियों का पत्थर टूटा हुआ है। साथ लगते मकानों की दीवारें बिना लिपाई के ही छोड़ दी गई है। सामुदायिक केंद्र और उसके साथ वाले मकानों की दीवारों के बीच दरारें दिखाई दे रही हैं।

### शिविर में 100 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**रोहतक।** स्वर्ण आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा विजयनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रोगियों की पंचकर्म थैरेपी समेत शुगर टेस्ट समेत दूसरे परीक्षण किए गए। बीमार को उनकी प्रकृति और रोगानुसार आहार व जीवनशैली संबंधी जानकारी से अवगत कराया। डायबिटीज, थायरॉइड, हड्डी जोड़ रोग, हृदय रोग से कैसे बचें, इस बारे में टिप्स दिए। स्वास्थ्य जांच टीम में डॉ. राजीव, डॉ. अंजलि, डॉ. सिमरन, वरिष्ठ पंचकर्म थैरेपिस्ट जतिन औरअनु, फार्मासिस्ट सोनिया, लैब तकनीशियन मोनू ने स्वास्थ्य जांचा। विजयनगर के अभिषेक बंसल का शिविर आयोजन के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन की तरफ से आभार व्यक्त किया।

### सूचना

मैं, सुखबीर पुत्र श्री मीर सिंह निवासी पाना जात्यां, गांव खरावड़ (40), रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र होशियार (Hoshiyar) मेरे व मेरी पत्नी के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, श्रीमति ललिता देवी पत्नी श्री कुंदन लाल निवासी गांव खैरड़ी, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित व पुत्रवधु सलोचना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**डीसी ने आधा दर्जन से अधिक गांवों में जल निकासी के कार्यों का निरीक्षण किया**

# ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाली ड्रेनों की बढ़ाई जाएगी क्षमता: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि सभी ड्रेनों पर ठिकरी पहरा लगवाए

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि कृषि भूमि से जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए गांव से निकलने वाली सभी ड्रेनों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने प्रभावित किसानों का आह्वान किया कि वे ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 15 सितम्बर 2025 तक फसलों के नुकसान को दर्ज करें ताकि उन्हें मुआवजा मिल सके। डीसी शुक्रवार को गांव भालौठ, आसन, पाकस्मा, समचाना व कसरैंटी सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में जल निकासी के कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान बताया कि भविष्य में कृषि भूमि में पानी न खड़ा हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जल निकासी की स्थायी परियोजना तैयार करें ताकि उन्हें वार्षिक फ्लड एजेंडा में शामिल करवाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की कृषि भूमि से जल्द से जल्द पानी निकासी के लिए अतिरिक्त संसाधनों का प्रयोग किया जाए।सचिन गुप्ता ने कहा कि ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से भी कहा कि वे पंचायत फंड का उपयोग करके जल निकासी के कार्य में और अधिक तेजी लाए। पंचायतों को निर्देश दिए की अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी ड्रेनों पर ठिकरी पहरा दिया जाए।



**रोहतक।** विभिन्न गांवों में जल निकासी के कार्यों का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
हार्ट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
NCVET Recognised
ADMISSION OPEN
Computer Courses as per Current IT Market
CCTV, Biometric attendance System
Air Conditioner Labs & Theory Rooms
HARTRON COURSES ARE ALIGNED WITH NSQF
PGDCA Level : 5 Postgraduate Diploma In Comp. Application
DCA Level : 4 Diploma In Computer Application
DCAA Level : 4 Diploma In Computer Aided Accounting
हार्ट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त हैं
Website : www.hartron-rohtak.com

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173


ON ALL MRP 6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
2 BOTTELS
ON SHOPPING OF ₹3500 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
SUPER DEAL
OF THE WEEK
1 BOTTEL
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
06 SEPT. TO 12 SEPT.
ROHTAK
JHAJJAR
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
PATANJALI ROOHAFZA FREE BUY 1 GET 1
Amul Vadilal UPTO 50%OFF ON MRP
FREE CONTINENTAL COFFEE BUY 1 GET 1
NOVA FLAVOURED MILK AND MASALA CHACH FREE BUY 1 GET 1
REAL JUICE 1 LTR UPTO 25% OFF
Special OFFER
AMUL BUTTER 500GM ₹310 ₹285
SURF EXCEL EASY WASH 7 KG ₹1030 ₹599
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA ₹69
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
RED BULL MRP ₹125 @ JUST 90
TAJ MEHAL TEA ₹710 1KG JUST @ 549
TATA TEA PREMIUM 1 KG 1KG JUST @ 365
RAJDHANI BESAN 1KG JUST @ 99
DAAWAT ROZAN GOLD 5KG ₹600 JUST @ 399
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
24 MANTRA MUSTARD OIL 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE SOYA OIL 870ML OUR PRICE ₹139
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹579
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹230
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹82
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹78
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹85
BADAM 1KG OUR PRICE ₹790
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹539
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT DATES BUY 1 GET 1 FREE
ARSHIRVAAD ATTA 10KG ₹495 OUR PRICE ₹435
24 MANTRA ATTA 5 KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA VERMICELLI BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
LAKMĒ 15% OFF ON MRP
mamaearth UPTO 30% OFF ON MRP
LOTUS 15% OFF ON MRP
ARIEL 4KG Ariel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
K'TRIQ FLOOR CLEANER 50% OFF
9 kg TIDE 9KG LAVENDER ₹749
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 50% OFF
Whisper ultra pads 50 xl BUY2 GET 1 FREE
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
500 ml PEARS SHOWER GEL BUY1 GET 1 FREE
BUY 1 GET 2 FREE WIPRO SAFE WASH 1LTR
MRP ₹240 VIM FLOOR CLEANER OUR PRICE ₹179
BUY 1 GET 1 PRIL 1.5 LTR FREE
SANI FRESH BUY1 GET 1 FREE
Rohtak
Address: Near D2M Hotel, New Bus stand road, Rohtak, Haryana.
Contact: +91-81999 99480
Sampla
Address: Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Dighal
Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Payment Accepted
OPEN 7 DAYS A WEEK | 8AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
On shopping of ₹2999, customer can avail Sugar Free at ₹1 or Fresca for free.Only one offer can be claimed per bill.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availablity & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart